**2025**
**HINDI**

Total Marks: 80 Time: 3 hours

**General instructions:**

*i) Approximately 15 minutes is allotted to read the question paper and revise the answers.*
*ii) The question paper consists of 24 questions divided into 4 sections A, B, C & D.*
*iii) Attempt questions based on specific instructions for each part. Write the correct number in your answer sheet to indicate the option/s being attempted.*
*iv) General and Internal choice have been provided in some questions.*

***N.B: Check that all pages of the question paper is complete as indicated on the top left side.***

## SECTION – A (पठन परिक्षण)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-**

राष्ट्र केवल जमीन का टुकड़ा ही नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत होती हैं जो हमें अपने पूर्वजों से परंपरा के रूप में प्राप्त होती हैं। जिसमें हम बड़े होते हैं शिक्षा पाते हैं, और सांस लेते हैं – हमारा अपना राष्ट्र कहलाता है और उसकी पराधीनता व्यक्ति की परतंत्रता की पहली सीढ़ी होती हैं। ऐसे ही स्वतंत्र राष्ट्र की सीमाओं में जन्म लेने वाले व्यक्ति का धर्म, जाति, भाषा या संप्रदाय कुछ भी हो, आपस में स्नेह होना स्वाभाविक है। राष्ट्र के लिए जीना और काम करना उसकी स्वतंत्रता तथा विकास के लिए काम करने की भावना राष्ट्रीयता कहलाती हैं।

जब व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति से धर्म, जाति, कुल के आधार पर व्यवहार करता है तो उसकी दृष्टि संकुचित हो जाती है। राष्ट्रीयता की अनिवार्य शर्त है – देश को प्राथमिकता, भले ही हमें 'स्व' को मिटाना पड़े। महात्मा गाँधी, सुभाषचंद्र बोस आदि के कार्यों से पता चलता है कि राष्ट्रीयता की भावना के कारण उन्हें अनगिनत कष्ट उठाने पड़े किंतु वे अपने निश्चय में अटल रहे। व्यक्ति को निजी अस्तित्व कायम रखने के लिए पारस्परिक सभी सीमाओं की बाधाओं को भुलाकर कार्य करना चाहिए तभी उसकी नीतियाँ – रीतियाँ राष्ट्रीय कही जा सकती हैं।

जब – जब भारत में फूट पड़ी तब – तब विदेशियों ने शासन किया। चाहे जातिगत भेदभाव हो या भाषागत – तीसरा व्यक्ति उससे लाभ उठाने का यत्न अवश्य करेगा। आज देश में अनेक प्रकार के आंदोलन चल रहे हैं। कहीं भाषा को लेकर संघर्ष हो रहा है तो कहीं धर्म या क्षेत्र के नाम पर लोगों को निकाला जा रहा हैं जिसका परिणाम हमारे सामने है। आदमी अपने अंह में सिमटता जा रहा हैं। फलस्वरूप राष्ट्रीय बोध का अभाव परिलक्षित हो रहा हैं।

**दिए गए प्रश्नों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए :-**

a. विरासत किस रूप में प्राप्त होती हैं? 1

(i) पूर्वजों के रूप में (ii) राष्ट्रीयता के रूप में
(iii) परंपरा के रूप में (iv) स्वभाविक रूप में

b. स्वतंत्र राष्ट्र में आपस में __________ स्वभाविक है। 1

(i) घृणा (ii) स्नेह
(iii) नफरत (iv) लड़ाई

c. राष्ट्रीयता की अनिवार्य शर्तें हैं – 1

(i) देश को प्राथमिकता (ii) देश की उपेक्षा
(iii) देश से नफरत (iv) इनमें से कोई नहीं

d. आज देश में कितने प्रकार के आंदोलन चल रहे हैं? 1

(i) एक प्रकार (ii) दो प्रकार
(iii) तीन प्रकार (iv) अनेक प्रकार

e. हमें अपने पूर्वजों से परंपरा के रूप में क्या प्राप्त होती हैं? 1

f. व्यक्ति की दृष्टि कब संकुचित हो जाती हैं? 1

g. राष्ट्रीयता क्या है? 2

h. व्यक्ति को निजी अस्तित्व को कायम रखने के लिए क्या करना चाहिए? 2

## SECTION – B (संरचना)

2. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 150 से 200 शब्दों में दीजिए :-**

a. 'प्लास्टिक थैलियों का उपयोग' फायदे तथा नुकसान विषय पर एक वस्तुनिष्ठ निबंध लिखिए।

**अथवा** 6

b. मोबाइल फोन के उपयोग से होने वाले लाभ – हानि विषय पर दो मित्रों के बीच वार्तालाप लिखिए।

3. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 50 शब्दों में दीजिए : –**

a. मुद्रित का व्याकरण एवं संरचना संबंधी त्रुटियों को संशोधित करते हुए संपादन कीजिए :-

हरा झंडी दिखाते ही रेलगाड़ी लोहा की पटरी पर दौडने लगा। कुछ यात्री चाय पी रहा था तो कुछ बातें में खोये हुए मग्न थे। गाड़ी कब अगला स्टेशन पहुँची, पता ही नहीं चली। कुछ यात्रियों वहीं उतर गये बचे शेष सब आगे चले गए।

**अथवा** 4

b. अपने विद्यालय में आयोजित होने वाले 'शिक्षक दिवस' पर अपने विद्यालय के सभी शिक्षकों को आमंत्रित करते हुए एक निमंत्रण पत्र लिखिए।

## SECTION – C (व्याकरण एवं अनुवाद)

4. निम्नलिखित शब्दों के संधि – विच्छेद कीजिए :- 2×1=2
(a) महोदय (b) उल्लास

5. निम्नलिखित सामासिक पदों का विग्रह कीजिए :- 2×1=2
(a) महात्मा (b) रात – दिन

6. निम्नलिखित शब्दों के दो – दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :- 2×1=2
(a) पृथ्वी (b) आंख

7. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :- 2×1=2
(a) गला छूटना (b) खुशी से फूला न समाना

8. अनुप्रास अलंकार किसे कहते हैं? एक उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिये। 2

9. छंद कितने प्रकार के होते हैं? उनके नाम लिखिए। 2

10. हिंदी में अनुवाद कीजिए :- 3
The ceremonial dresses of both men and women in Nagaland are quite splendid. The men carry colourful spears decorated with dyed goat hair, their headgear is made of bamboo woven with flowers and feathers, there are arm bands made of elephant tusks and necklaces of wild boar teeth.

## SECTION – D (साहित्य)

### गद्य – भाग

11. **निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए :-**

a. पूस का महीना किस तरह का होता है? 1
(i) भीषण ठंड का (ii) वर्षा का
(iii) अत्यधिक गर्मी का (iv) तेज हवा चलने का

b. माँ ने सामने वाले लड़कों को चाय पर क्यों बुलवाया? 1
(i) तनु से दोस्ती करने के लिए
(ii) तनु उनके साथ पढ़ाई करें
(iii) तनु उनके साथ फिल्म देखने जाए
(iv) तनु उनके साथ घूमने जाए

c. सबसे बड़ा पत्थर किसका प्रतीक था? 1
(i) सोप्फून्यो के पुत्र का (ii) कोसोहो का
(iii) बरसाती का (iv) सोप्फून्यो का

d. बारिश होने की आशंका से बच्चों की टोली इंद्र भगवान से किस प्रकार पानी के लिए प्रार्थना करते हैं? 1

(i) भूख हड़ताल करते हुए (ii) मंदिर में भोग लगाते हुए
(iii) जयकारे लगाते हुए (iv) तीर्थ यात्रा करते हुए

12. लेखक के मन में पैसे जोड़ने के प्रति कैसी धारणा होती हैं? 2

13. गाँव की स्त्रियाँ कोसोहो तथा जेन्यूये से क्यों जलती थी? 2

14. आज की तथाकथित आधुनिक पीढ़ी न तो पूरी तरह अपने परंपरागत मूल्यों से मुक्त हो पाई है और न ही नये मूल्यों को पूरी तरह अपना पाई है। इस कथन की समीक्षा कीजिए। 3

15. **निम्नलिखित कथन, किसने, किससे तथा क्यों कहें है :-** 1+1+2=4

**a.** "मुझे आपत्ति है। जब प्रस्ताव हिंदी में है तो संस्था का नाम भी हिंदी में होना चाहिए।"

**अथवा**

**b.** "देख भइया, रूठ मत, मेरी बात सुन यह सब अंधविश्वास नही है।"

16. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए :-**

**a.** *थोड़ी देर में अलाव जल उठा। उसकी लौ ऊपरी पत्तियों को छू – छूकर भागने लगी थी। उस अस्थिर प्रकाश में बगीचे के विशाल वृक्ष ऐसे मालूम होते थे, उस अथाह अंधकार को अपने सिरों पर संभाले हुए हैं। अंधकार के उस आनंद सागर से यह प्रकाश एक नौका के समान हिलता – मचलता हुआ जान पड़ता हैं। हल्कू अलाव के सामने बैठा आग ताप रहा था। एक क्षण में उसने दोहरी उतारकर बगल में दबा ली, दोनों पांव फैला दिए, मानों ठंड को ललकार रहा हो, 'तेरी जी में आए सो कर। ठंड की असीम शक्ति पर विजय पाकर वह विजय – गर्व को हृदय में छिपा नहीं सकता था।'*

(i) पत्तियों को कौन छू रहा था? 1
(ii) अंधकार को किसने अपने सिर पर उठा रखा था? 1
(iii) नौका के समान किसे बताया गया है? 1
(iv) हल्कू ने ठंड को किस प्रकार ललकारा है? 1
(v) हल्कू ने किस पर विजय प्राप्त किया था? 1

**अथवा**

**b.** *बाजार आमंत्रित करता है कि आओ मुझे लूटो और लूटों। सब भूल जाओ, मुझे देखो। मेरा रूप और किसके लिए है? मैं तुम्हारे लिए हूँ। नहीं कुछ चाहते हो, तो देखने में क्या हरज है। अजी आओ भी इस आमंत्रण में यह खूबी है कि आग्रह नहीं है, आग्रह तिरस्कार जगाता है। लेकिन ऊँचे बाजार का आमंत्रण मूक होता है और उससे चाह जगती है। चाह मतलब अभाव। चौक बाजार में खड़े होकर आदमी*

*को लगने लगता है कि उसके पास* जो है *काफ़ी नहीं है और चाहिए। मेरे यहाँ कितना परिमित है और यहाँ कितना अतुलित है ओह!*

(i) बाजार क्यों आमंत्रित करता है? (1)

(ii) आग्रह क्या जगाता है (1)

(iii) ऊँचे बाजार का आमंत्रण कैसा होता है? (1)

(iv) चौक बाजार में खड़े आदमी को क्या लगता हैं? (1)

(v) 'परिमित' का अर्थ है – (1)

(a) अथाह (b) सीमित

**पद्य भाग**

17. **निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :-**

a. कवि को बारिश के मौसम में किसकी याद आती है? 1

(i) घर की (ii) दोस्तों की

(iii) प्रेमिका की (iv) गाँव की

b. खरगोश की आंखें कैसी होती हैं? 1

(i) लाल (ii) छोटी

(iii) पीली (iv) बड़ी

18. मायके में आई बहन के लिए कवि ने घर को परिताप का घर क्यों कहा है? 2

19. कवि ने क्या सहर्ष स्वीकारा है कविता के आधार पर लिखिए। 2

20. **a.** जाने क्या रिश्ता है, जाने क्या नाता है,
जितना भी उडेलता हूँ, भर – भर फिर आता है।

(i) यह पंक्तियाँ किस कविता से ली गई है? 1

(ii) इस कविता के कवि कौन है? 1

(iii) इन पंक्तियों के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है? 2

**अथवा**

**b.** आज पानी गिर रहा है, बहुत पानी गिर रहा है,
रात भर गिरता रहा, प्राण मन गिरता रहा है।

(i) यह पंक्ति किस पाठ से ली गई है? (1)

(ii) इस कविता के कवि कौन है? (1)

(iii) इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिये। (2)

21. **निम्नलिखित पद्यांश में से एक की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए :-**

**a.** राम – नाम मणि – दीप धरू, जीह देहरी द्वार।
तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसि उजियार।।

**अथवा** 1+1+3=5

**b.** दुनिया का सबसे पतला कागज उड़ सके,
बांस की सबसे पतली कमानी उड़ सके,
कि शुरू हो सके सीटियों, किलकारियों और तितलियों इतनी नाजुक दुनिया।

**कथा साहित्य**

22. निर्मला को तोताराम के पास बैठने में संकोच क्यों होता था? 2

23. उदय भानुलाल के यहाँ निर्मला के विवाह की तैयारियां कैसी चल रही थी? 3

24. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-**

**a.** *निर्मला को अब कुछ अच्छा लगता था तो वह सुधा से बातें करना था। वह वहाँ जाने का अवसर ढूंढती रहती थी। बच्ची को अब वह अपने साथ न ले जाना चाहती थी। पहले जब बच्ची को अपने सभी चीजें खाने को मिलती थी, तो वह वहाँ जाकर हंसती खेलती थी। अब वहाँ जाकर उसे भूख लगती थी। निर्मला उसे घूर – घूरकर देखती, मुट्ठियाँ बांधकर धमकाती पर लड़की भूख की रट लगाना न छोड़ती। इसलिए निर्मला उसे अपने साथ न ले जाती थी। सुधा के पास बैठकर उसे मालूम होता कि मैं आदमी हूँ। उतनी देर के लिए वह चिंताओं से मुक्त हो जाती।*

(i) निर्मला को अब क्या अच्छा लगता था? 1
(ii) निर्मला अब बच्ची को अपने साथ क्यों नहीं ले जाना चाहती थी? 1
(iii) बच्ची क्या रट लगाना नही छोड़ती थी? 1
(iv) सुधा के पास बैठ कर निर्मला को कैसा लगता था? 1
(v) निर्मला बच्ची को कैसे धमकाती थी? 1

**अथवा**

**b.** *यह कहकर कल्याणी कमरे में चली गई। आंगन में आकर उसने एक बार आकाश की ओर देखा, मानो तारागण को साक्षी दे रही हैं कि मैं इस घर से कितनी निर्दयता से निकाली जा रही हूँ। रात के ग्यारह बज गये थे। घर में सन्नाटा छा गया था, दोनों बेटों की चारपाई उसी कमरे में रहती थी। वह अपने कमरे में आई, देखा चन्द्रभानु सोया है, सबसे छोटा सूर्यभानू चारपाई पर उठ बैठा है। माता को देखते ही वह बोला – तुम तहां दई ती अम्मा?*

(i) कल्याणी कहाँ चली गई? (1)
(ii) कल्याणी किसको साक्षी दे रही थी? (1)
(iii) कल्याणी के कमरे में किसकी – किसकी चारपाई थी? (1)
(iv) दोनों बेटों के क्या नाम थे? (1)
(v) 'तुम तहां दई ती अम्मा?' किसने और किससे कहा? (1)

*************************************